देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंकः 187 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

विचार-प्रवाह...बंद पड़ा प्लांट



# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 27 अक्टूबर 2020



मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 14.0°

37244.59

2 फ्रांस के राष्ट्रपति पर इमरान का हमला

7 आप कुछ जीतते हैं, कुछ हारते हैं

## संक्षिप्त समाचार

### महबूबा मुफ्ती के बयान से 3 नेता नाराज, पार्टी से दिया इस्तीफा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (च्क्च) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती का तिरंगे को लेकर बयान देना भारी पड़ गया है। सोमवार को महबूबा मुफ्ती के बयान से नाराज पीडीपी के तीन नेताओं ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। पीडीपी से इस्तीफा देने वाले तीन नेताओं टी.एस. बाजवा, वेद महाजन और हुसैन ए वफा ने पार्टी प्रमुख महबूबा मुफ्ती को पत्र भी लिखा है, जिसमें नेताओं ने उनके बयान पर नाराजगी जताई है। महबूबा ने बीते दिनों बयान दिया था कि जब तक घाटी में आर्टिकल 370 के निरस्त प्रावधान दोबारा लागू नहीं हो जाते, वह कोई भी झंडा नहीं थामेंगी।

### ऑक्सफर्ड-एस्ट्राजेनेका की कोरोना वैक्सीन को मिली बड़ी कामयाबी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
लंदन। ब्रिटेन में अस्पतालों को कोरोना वायरस वैक्सीन लगाने की तैयारी शुरू करने के लिए निर्देश दिया गया है। अस्पतालों के स्टाफ को बोला गया है कि जल्द ही उन्हें ऑक्ध्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की कोराना वायरस वैक्सीन का पहला बैच सौंप दिया जाएगा। अस्घ्पतालों से कहा कि वे दो नंवबर से शुरू हो रहे सप्ताह से कोरोना वायरस वैक्सीन को लगाने की तैयारी शुरू कर दें।

### 'ऑपरेशन सत्य' से शहर को पायल घोष ने जॉइन की रामदास आठवले की पार्टी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। फिल्म अभिनेत्री पायल घोष सोमवार को केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले की पार्टी रिपलब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया-ए (आरपीआई) में शामिल हो गईं। उन्होंने मुंबई में केंद्रीय मंत्री की उपस्थिति में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जानकारी के मुताबिक, पायल को पार्टी की महिला विंग का उपाध्यक्ष बनाया गया है। बता दें कि बीते कई दिनों से ऐसी चर्चा थी कि पायल आठवले की पार्टी में शामिल हो सकती हैं।

# भारत-अमेरिका की 2+2 वार्ता

## भारत और अमेरिका के बीच 2+2 मीटिंग आज से होगी शुरू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को भारत आए अमेरिका के रक्षा मंत्री मार्क एस्पर से हैदराबाद हाउस में मुलाकात की और दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल के बीच वार्ता जारी है। भारत में अमेरिकी राजदूत केनेथ जस्टर ने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत और नेवी चीफ एडमिरल करमबीर सिंह का अभिवादन किया। इस मुलाकात में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ बिपिन रावत, आर्मी चीफ जनरल मनोज मुकुंद नरवणे, IAF चीफ एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया व नेवी चीफ एडमिरल करमबीर सिंह भी मौजूद रहे।

इससे पहले अमेरिका के रक्षा मंत्री मार्क एस्पर साउथ ब्लॉक में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उनका स्वागत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया। चीन के साथ सीमा पर जारी तनाव और अमेरिका में

### अमेरिकी रक्षा मंत्री व भारतीय रक्षा मंत्री की मुलाकात

राष्ट्रपति चुनाव के बीच भारत और यूएस के बीच अहम बैठक होने जा रही है। अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोंपियो, रक्षा मंत्री मार्क एस्पर सोमवार को नई दिल्ली पहुंचे। यहां दोनों भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ 22 बैठक में हिस्सा लेंगे।

भारत और अमेरिका के बीच 22 मीटिंग आज से शुरू होगी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर, माइक पोंपियो के साथ आज शाम को सात बजे बैठक करेंगे। इन बैठकों के बाद शाम को डिनर का आयोजन किया जाएगा। माइकल पोंपियो और मार्क एस्पर आज भारत-अमेरिका के बीच टू-प्लस-टू वार्ता के तीसरे संस्करण में हिस्सा लेंगे। अमेरिका में चुनाव से महज एक हफ्ते पहले ट्रंप के दो शीर्ष मंत्रियों की यह वार्ता बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। वार्ता में कई महत्वपूर्ण द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा होगी जिसमें हिंद-प्रशांत क्षेत्र में प्रभाव बढ़ाने का चीन का प्रयास और पूर्वी लद्दाख क्षेत्र में उसका आक्रामक व्यवहार भी शामिल है।



### क्या है टू प्लस टू वार्ता

भारत और अमेरिका के बीच यह तीसरे चरण की वार्ता है। टू प्लस टू के तहत दोनों देशों के विदेश मंत्रियों और रक्षा मंत्रियों के बीच अहम मुद्दों पर वार्ता होती है। अमेरिकी की तरफ से विदेश मंत्री माइक पोंपियो और रक्षा मंत्री मार्कटी एस्पर इस वार्ता में शामिल होंगे। वहीं, भारत की ओर से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर वार्ता में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

**पीएम मोदी से भी करेंगे मुलाकात** वार्ता के साथ ही पोंपियो और एस्पर अपने भारतीय समकक्षों के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि अमेरिका के रक्षा मंत्री एस्पर को सोमवार की दोपहर रायसीना हिल्स के साउथ ब्लॉक के लॉन में सलामी गारद पेश किया गया।

**भागीदारों से जुड़ने का अवसरः पोंपियोः** विदेश मंत्री माइक पोंपियो ने अपने ट्वीट में लिखा, श्भारत, श्रीलंका, मालदीव और इंडोनेशिया की मेरी यात्रा शुरू हुई। स्वतंत्र, मजबूत और समृद्ध राष्ट्रों से बने मुक्त और खुले भारत प्रशांत के लिए साझा दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के खातिर हमारे भागीदारों से जुड़ने के अवसर के लिए आभारी हूं।

# पराली समस्या पर कानून बनाने जा रही सरकार

## सुको ने जस्टिस लोकुर कमेटी पर लगाई रोक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि वह पंजाब, हरियाणा और यूपी में पराली जलने के कारण दिल्ली-NCR में होने वाले वायु प्रदूषण के मुद्दे से निपटने के लिए कानून के जरिए एक स्थायी समिति बनाने पर विचार कर रही है। केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने शीर्ष अदालत के 16 अक्टूबर के उस आदेश पर रोक लगाने की मांग की जिसमें सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस मदन बी लोकुर को एक सदस्यीय कमीशन नियुक्त करने की बात कही गई थी।

केंद्र सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल ने कोर्ट को बताया कि सरकार पराली जलाने की समस्या से निपटने के लिए कानून बना रही है। तीन चार दिन में कानून बना लिया जाएगा।

### भारत स्काउट गाइड के लोग भी आगे बढे

कमेटी के गठन पर कहा गया था कि उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब के चीफ सेक्रेटरी इस काम में जस्टिस लोकुर को आवश्यक सहयोग देंगे। वहीं इसके लिए सहयोग में NCC/NSS और भारत स्काउट गाइड के लोग भी आगे बढ़े। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा था कि संबंधित राज्य सरकारें जस्टिस लोकुर कमेटी को उचित सुविधा और पर्याप्त मदद मुहैया कराएंगी। इसमें सेक्रेट्रिएट, सुरक्षा और वित्तीय सुविधाएं शामिल था।

सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल जस्टिस लोकुर वाली एक सदस्यीय कमिटी के गठन वाले आदेश पर रोक लगाया। अब मामले की सुनवाई अगले हफ्ते होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने 16 तारीख को हरियाणा और पंजाब में पराली जलाने मामले की जांच के लिए गठित एक सदस्यीय कमेटी का नेतृत्व रिटायर जस्टिस मदन बी लोकुर के हाथों में सौंपा था। इसपर सॉलसीटर जनरल तुषार मेहता ने तब आपत्ति जताई थी। लोकुर सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज रहे हैं।

बता दें कि दिल्ली और एनसीआर में पराली जलाए जाने के कारण प्रदूषण की जटिल समस्या से निपटने के लिए हर साल प्रयास किए जाते हैं। इस क्रम में सुप्रीम कोर्ट ने एक टीम का ही गठन किया था जो प्रदूषण स्तर को देखते हुए पराली जलाए जाने की प्रक्रिया की निगरानी करती, लेकिन अब उस कमेटी पर रोक लगा दी है।

# हां, हम कर रहे बिहार का विकास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

औरंगाबाद। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सोमवार को औरंगाबाद में जनता से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को विकास तो राष्ट्रीय जनता दल को विनाश का पर्याय बताया। कहा कि बिहार के विकास में नया आयाम जोड़ने के लिए नीतीश कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार जरूरी है। राष्ट्रीय मुद्दों की बात करते हुए उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार ने अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण का रास्ता साफ किया तो जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाया। देश एक देश में एक संविधान चलेगा। मोदी है तो यह सब मुमकिन है। उन्होंने यह भी कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित है।

**मोदी ने बदली चुनाव की संस्कृतिः** जेपी नड्डा ने कहा कि बिहार के चुनाव में अब विकास की बात होती है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देन है। राज्ध्य के

### चुनाव

■बिहार में विपक्ष पर गरजे जेपी नड्डा

विकास के लिए केंद्र सरकार ने पर्याप्त राशि उपलब्ध कराई है। मोदी ने जातिवाद और क्षेत्रवाद के नाम पर मतदान की परिपाटी को बंद करा विकास व काम के आधार पर वोट मांगने की नई परिपार्टी शुरू की है। मोदी ने चुनाव की संस्कृति को बदल दिया है।

**हमने किया देश के साथ बिहार का विकासः** जेपी नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार के बिहार को दिए जाने वाले 1.25 लाख करोड़ के पैकेज को राष्ध्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने जुमला बताया था। जबकि, केंद्र की मोदी सरकार ने 10 हजार करोड़ शिक्षा, छह हजार करोड़ स्वास्थ्य, दरभंगा एम्स, 11 मेडिकल कॉलेज, तीन साल में बिहार को दिए। औरंगाबाद में मेडिकल कॉलेज खुलने का रास्ता साफ हो गया है। बीजेपी अध्यक्ष ने कहा कि पीएम मोदी ने देश में 18 हजार गांवों में बिजली पहुंचाई।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# कोरोना के खिलाफ भारत में मिल रहे अच्छे संकेत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि भारत में कोविड-19 से होने वाली मौतों की दर घटकर 1.50 प्रतिशत रह गई है जो 22 मार्च के बाद सबसे कम है। इसने कहा कि इसका श्रेय अस्पतालों में भर्ती मरीजों से जुड़े मामलों की इलाज की व्यवस्था करने के केंद्र, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के बेहतर प्रयासों को जाता है।

### डेथ रेट घटकर 1.5 प्रतिशत पर पहुंचा, 22 मार्च के बाद सबसे कम

मंत्रालय ने कहा कि राजस्थान, झारखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, बिहार, ओडिशा, असम और केरल सहित 14 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में कोविड-19 से मृत्युदर एक प्रतिशत से कम है।

मंत्रालय ने कहा कि सरकारी और निजी अस्पतालों में प्रभावी रोकथाम रणनीति, जांच क्षमता में वृद्धि और बेहतर स्तर के चिकित्सकीय प्रबंधन मानकों की वजह से मौत के नए मामलों में काफी कमी आई है।

मंत्रालय की तरफ से सोमवार सुबह 8 बजे जारी किए गए ताजा आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटे में 500 से कम (480) लोगों की महामारी के चलते मौत हुई है।